कक्षा-Q

गणित

दिनांक:

## समझें और करें

दिवस- 133

| | |
|---|---|
| (1) रानी के पास 53 आम तथा राधा के पास 38 आम हैं, तो दोनों के पास कुल मिलाकर कितने आम हैं ? | 53<br>+ 38<br>91 |
| (2) एक कमरे में 98 बच्चे थे। यदि उनमें से 59 बच्चे बाहर खेलने गए, तो बताएँ अब उस कमरे में कितने बच्चे हैं ? | |
| (3) चंदन के पास 49 कलमें है तथा मोना ने उसे 46 कलमें और दीं, अब चंदन के पास कुल कितनी कलमें हैं ? | |
| (4) पूजा ने एक डब्बे में से पहले दिन 50 आमें निकाली और दूसरे दिन 30 आम निकाले अब डब्बे में 2 आम बच गए, तो बताएँ डब्बे में पहले दिन कुल कितने आम थे ? | |
| (5) एक रेलवे स्टेशन पर 97 यात्री हैं। एक ट्रेन आई और 69 यात्री उसमें सवार हो गए तो अब उस स्टेशन पर कितने यात्री बचे? | |

### घेरे में (◯) सही चिहन (< , > या =) भरें

| | | |
|---|---|---|
| 173 ◯ 169 | 165 ◯ 178 | 164 ◯ 164 |
| अन्तर ____ | अन्तर ____ | अन्तर ____ |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (जोड़/घटाव, बोर्ड पर) – सबसे पहले एक इबारती प्रश्न बोर्ड पर बोलते हुए लिखें, जैसे– एक कक्षा में सुबह के समय 76 बच्चे थे। दोपहर के समय में 18 बच्चे और आ गए तो बताएँ, कक्षा में कुल कितने बच्चे होंगे। अब अभ्यास पुस्तिका में आज के दिन दिये गये प्रारूप को बोर्ड पर बनाकर दोनों संख्याओं की इकाई को इकाई के नीचे तथा दहाई को दहाई के नीचे लिखकर हल करें। बच्चों को बताएँ कि पहले इकाई फिर दहाई को जोड़ते हैं। 6 इकाई तथा 8 इकाई कुल 14 इकाई, इसे 1 दहाई तथा 4 इकाई में बदल लें। इसमें से 4 इकाई को इकाई के नीचे तथा 1 दहाई को हासिल के रूप में ऊपर लिखते हैं। अब 7 दहाई 1 दहाई तथा हासिल का 1 दहाई कुल 9 दहाई। दिवस 106/107 के अनुसार कराएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 17 देखें।

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *134

| | |
|---|---|
| (1) एक पुस्तक की कीमत 50 रुपये हैं और एक कलम की कीमत 25 रुपये हैं तो रामू को एक पुस्तक और एक कलम के लिए दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे? | |
| (2) मोनी के पास 56 मोतियाँ थी, उनमें से उसने 38 मोतियों की माला बना दी। अब, उसके पास कितने मोती बचे? | |
| (3) एक तालाब में 88 मछलियाँ हैं, उन्हें 2 लोगों में बराबर–बराबर बाँटना है तो प्रत्येक को कितनी मछलियाँ मिलेगी ? | |
| (4) रमेश के पास 48 गोटियाँ थी उनमें से 25 गोटियाँ खो गयी। अब, रमो के पास कुल कितनी गोटियाँ बची ? | |
| (5) चांदनी ने 32 आम तथा 25 आम अलग–अलग दुकानदार से खरीदी। अब, उसके पास कुल कितने आम है ? | |

## समझें और करें

| | | |
|---|---|---|
| 156 162 151 | 170 150 180 | 173 155 178 |
| बढ़ते क्रम ↑ | घटते क्रम ↓ | बढ़ते क्रम ↑ |

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE REPUBLISHED

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (जोड़/घटाव) – कुछ उदा.लेते हुएदिवस 133 के अनुसार कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–17 देखें।

कक्षा-Q  गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *135

| | |
|---|---|
| (1) एक पैकेट में 3 बिस्कुट हैं, तो ऐसे 4 पैकेटों में कुल कितने बिस्कुट होंगे ? | 3 × 4 = 12 |
| (2) एक घर में 7 बच्चे हैं। प्रत्येक ने 2 मिठाइयाँ खायी, तो सब ने मिलकर कुल कितनी मिठाइयाँ खायी ? | |
| (3) 80 किताबों को 8 बैगों में बराबर–बराबर रखना है, तो एक बैग में कितनी किताबें रखनी चाहिए? | |
| (4) एक गाय के 4 पैर हैं, तो 6, गायों के कुल कितने पैर होंगे? | |
| (5) एक बस में 24 यात्री सफर कर सकते हैं, तो ऐसी 3 बसों में कुल कितने यात्री सफर कर सकते हैं? | |

### घेरे में (◯)में सही चिह्न (< , > भरें या =)

| | | |
|---|---|---|
| 166 ◯ 177 | 162 ◯ 162 | 180 ◯ 174 |
| अन्तर _____ | अन्तर _____ | अन्तर _____ |

शिक्षण-निर्देश– **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (भाग) – 24 गेदों को 4 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटने पर प्रत्येक बच्चे को कितनी गेदें मिलेंगी। इस उदाहरण को बोर्ड पर लिखकर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए हल करें। समय रहने पर इसी तरह के भाग के कोई अन्य उदाहरण लेकर बच्चों को समझाएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–17 देखें।

© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *136

| | |
|---|---|
| (1) सुमित के पास 12 चॉकलेटें हैं, इन्हें 3 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटना है। प्रत्येक बच्चे को कितने चॉकलेट मिलेंगे ? | |
| (2) रोहन के पास 44 मोती थे। उसने इन मोतियों को 4 लोगों में बराबर–बराबर बाँट दिया तो प्रत्येक के पास कितने मोती होंगे? | |
| (3) एक खरगोश 10 दिनों में 70 गाजर खाता है। यदि वह रोज बराबर–बराबर गाजर खाये तो एक दिन में कितना गाजर खाता है ? | |
| (4) कंचन के पास 25 किताबें हैं। वह उन्हें अपने 5 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटती है, तो प्रत्येक दोस्त को कितनी किताबें मिलेंगी ? | |
| (5) कृष्णा के पास 80 लड्डू हैं। वह उन्हें अपने 10 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटना चाहता है तो प्रत्येक दोस्त को कितने लड्डू देगा? | |

## समझें और करें

158 179 172

घटता क्रम ↓

| | | |
|---|---|---|
| | | |

153 166 159

बढ़ता क्रम ↑

| | | |
|---|---|---|
| | | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ **:** इबारती सवाल (भाग) – भाग का कोई अन्य उदाहरण लेकर दिवस 135 के अनुसार हल करें।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 17 देखें।

© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED